Daily Covid-19 Updates

कोरोना वायरस के संबंध में प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का देशवासियों को संबोधन

मेरे प्यारे देशवासियों,

- कोरोना वैश्विक महामारी के खिलाफ देशव्यापी लॉकडाउन को आज 9 दिन हो रहे हैं। इस दौरान आप सभी ने जिस प्रकार अनुशासन और सेवा भाव, दोनों का परिचय दिया है, वो अभूतपूर्व है।
- आपने जिस प्रकार, 22 मार्च रविवार के दिन कोरोना के खिलाफ लड़ाई लड़ने वाले हर किसी का धन्यवाद किया, वो भी आज सभी देशों के लिए एक मिसाल बन गया है। आज कई देश इसको दोहरा रहे हैं।
- साथियों, आज जब देश के करोड़ों लोग घरों में हैं, तब किसी को भी लग सकता है कि वो अकेला क्या करेगा। कुछ लोग ये भी सोच रहे होंगे कि इतनी बड़ी लड़ाई को, वो अकेले कैसे लड़ पाएंगे।

- ये लॉकडाउन का समय जरूर है, हम अपने अपने घरों में जरूर हैं, लेकिन हम में से कोई अकेला नहीं है। 130 करोड़ देशवासियों की सामूहिक शक्ति हर व्यक्ति के साथ है, हर व्यक्ति का संबल है।
- हमारे यहां माना जाता है कि जनता जनार्दन, ईश्वर का ही रूप होती है। इसलिए जब देश इतनी बड़ी लड़ाई लड़ रहा हो, तो ऐसी लड़ाई में बार-बार जनता रूपी महाशक्ति का साक्षात्कार करते रहना चाहिए।
- ये साक्षात्कार, हमें मनोबल देता है, लक्ष्य देता है, उसकी प्राप्ति के लिए ऊर्जा देता है, हमारा मार्ग और स्पष्ट करता है।
- साथियों, कोरोना महामारी से फैले अंधकार के बीच, हमें निरंतर प्रकाश की ओर जाना है।
- इस कोरोना संकट से जो अंधकार और अनिश्चितता पैदा हुई है, उसे समाप्त करके हमें उजाले और निश्चितता की तरफ बढ़ना है। इस अंधकारमय कोरोना संकट को पराजित करने के लिए, हमें प्रकाश के तेज को चारो दिशाओं में फैलाना है।
- और इसलिए, इस Sunday, 5 अप्रैल को, हम सबको मिलकर, कोरोना के संकट के अंधकार को चुनौती देनी है, उसे प्रकाश की ताकत का परिचय कराना है। इस 5 अप्रैल को हमें, 130 करोड़ देशवासियों की महाशक्ति का जागरण करना है।
- 130 करोड़ देशवासियों के महासंकल्प को नई ऊंचाइयों पर ले जाना है। 5 अप्रैल, रविवार को रात 9 बजे मैं आप सबके 9 मिनट चाहता हूं। ध्यान से सुनिएगा, 5 अप्रैल को रात 9 बजे।
- घर की सभी लाइटें बंद करके, घर के दरवाजे पर या बालकनी में, खड़े रहकर, 9 मिनट के लिए मोमबत्ती, दीया, टॉर्च या मोबाइल की फ्लैशलाइट जलाएं।
- और उस समय यदि घर की सभी लाइटें बंद करेंगे, चारो तरफ जब हर व्यक्ति एक-एक दीया जलाएगा, तब प्रकाश की उस महाशक्ति का एहसास होगा, जिसमें एक ही मकसद से हम सब लड़ रहे हैं, ये उजागर होगा।

- उस प्रकाश में, उस रोशनी में, उस उजाले में, हम अपने मन में ये संकल्प करें कि हम अकेले नहीं हैं, कोई भी अकेला नहीं है!!!
- 130 करोड़ देशवासी, एक ही संकल्प के साथ कृतसंकल्प हैं।
- साथियों, मेरी एक और प्रार्थना है, कि इस आयोजन के समय किसी को भी, कहीं पर भी इकट्ठा नहीं होना है। रास्तों में, गलियों या मोहल्लों में नहीं जाना है, अपने घर के दरवाज़े, बालकनी से ही इसे करना है।
- Social Distancing की लक्ष्मण रेखा को कभी भी लांघना नहीं है। Social Distancing को किसी भी हालत में तोड़ना नहीं है। कोरोना की चेन तोड़ने का यही रामबाण इलाज है।
- हमारे यहां कहा गया है- उत्साहो बलवान् आर्य, न अस्ति उत्साह परम् बलम्। स उत्साहस्य लोकेषु, न किंचित् अपि दुर्लभम्... यानि, हमारे उत्साह, हमारी spirit से बड़ी force दुनिया में कोई दूसरी नहीं है।
- इसके अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने COVID19 से निपटने के लिए खिलाड़ियों को संकल्प, संयम, सकारात्मकता, सम्मान और सहयोग के पांच मंत्र दिए। पीएम ने कहा कि खिलाड़ियों ने देश को गौरव दिलाया है और अब राष्ट्र का मनोबल बढ़ाने और सकारात्मकता फैलाने में उन्हें महत्वपूर्ण भूमिका निभानी है।

स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए सभी का सहयोग महत्वपूर्ण है

आज पूरी दुनिया के सामने कोरोना वायरस के खतरे से मानवता को बचाने की एक गंभीर चुनौती है। इस वैश्विक आपदा के प्रभाव को एवं उसके संक्रमण को रोकने के लिए दुनिया भर के कई देश एकजुट हैं और प्रयासरत भी।

विश्व की सबसे आधुनिक स्वास्थ्य सुविधाओं वाले इटली, फ्रांस, स्पेन और अमेरिका जैसे देश भी आज कोरोना की समस्या से जूझ रहे हैं, वही भारत इस लड़ाई में अन्य देशों की तुलना में बेहतर तथा कारगर उपायों के साथ लड़ रहा है, जिसे वर्ल्ड हेल्थ ऑर्गनाइजेशन ने भी इंगित किया। जब देश इस महामारी के दौर से गुज़र रहा है ऐसे में समूचे देश का सहयोग आपेक्षित है, जिसका जिक्र प्रधानमंत्री भी बार-बार कर चुके हैं। दुर्भाग्य से इसी समाज में एक ऐसा वर्ग (तब्लीगी जमात) भी है, जो इस कठिन परिस्थिति में भी अपने अतिवाद और धार्मिक मतांधता के चलते आम जनमानस को और संकट में डाल दिया है। उससे भी ज्यादा शर्मनाक है कि जमातियों को जिस अस्पताल में उनकी सुरक्षा एवं जीवन को बचाने के लिए रखा है,उसी अस्पताल के कर्मचारियों के साथ उनका घिनौना दुर्व्यवहार निंदनीय है। देश के विभिन्न राज्यों की सरकारों के साथ-साथ विशेष रूप से गृह मंत्रालय ने तब्लीगी जमात द्वारा किए गए आपराधिक लापरवाही पर कड़ा रुख अपनाया है। गृह मंत्रालय ने पर्यटक वीजा पर तब्लीगी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने के कारण 960 विदेशियों को न सिर्फ ब्लैक लिस्ट किया गया है बल्कि उनका भारतीय वीजा भी रद्द कर दिया है।

इसके साथ-साथ गृह मंत्रालय द्वारा तब्लीगी जमात, निजामुद्दीन के मामले में दिल्ली पुलिस और अन्य सम्बंधित राज्यों के पुलिस महानिदेशकों को विदेशी अधिनियम,1946 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम,2005 के प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए 960 विदेशियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए हैं। बहरहाल, कोरोना वायरस से लड़ने के क्रम में आगामी 5 अप्रैल को एक बार पुनः प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशवासियों को अनुशासन बनाए रखने,

राष्ट्रीय एकता दर्शाने के लिए और इस संक्रमण से लड़ रहे लोगों के प्रति मानवीय संवेदना जताने का अवसर दिया है.

हमें इस अवसर का सदुपयोग करना चाहिए और अपने-अपने स्तर से सतत प्रयासरत रहते हुए कोरोना को हराकर एक भारत-स्वस्थ भारत के निर्माण में अपना सकारात्मक सहयोग देना चाहिए।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा विभिन्न राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ संवाद के मुख्य बिंदु

- Testing, Tracing, Isolation और Quarantine इसपर हमारा सबसे ज्यादा ध्यान होना चाहिए.

- हमें पूरी कोशिश करनी चाहिए की हमारे महत्वपूर्ण मेडिकल प्रोडक्ट्स की सप्लाई निरंतर जारी रहे. खासकर, दवाइयों, मेडिकल इक्विपमेंट्स की मैन्युफैक्चरिंग इनपर हमारे प्रतिबंधों का किसी भी तरह से कोई असर न पड़े. ये भी ध्यान में रखा जाए कि दवाइयों के रॉ मटेरियल की ट्रांसपोर्टेशन में कोई समस्या न हो.

- हर राज्य यह सुनिश्चित करे कि कोरोना वायरस के मरीजों के इलाज के लिए एक अलग अस्पताल हो, इलाज करने वाली टीम भी अलग हो. हमें अपने हेल्थकेयर के एक-एक साथी की सुरक्षा सुनिश्चित करनी है.

- आने वाले दिनों में डॉक्टरों की कमी न हो इसके लिए आयुष डॉक्टरों को भी कोरोना से ग्रसित मरीजों के इलाज से जोड़ा जा सकता है. जिनकी स्थिति सामान्य हो ऐसे आयुष डॉक्टरों की ऑनलाइन ट्रेनिंग हो, इसपर भी हमें ध्यान क्रेंदित करना है.

- हमारा जो पैरामिलिट्री स्टाफ है (NCC, NSS) उन्हें भी हमें रिक्रूट करना है, उनकी ऑनलाइन ट्रेनिंग करनी है और जरुरत पड़ने पर उनकी ड्यूटी कहाँ लगेगी उसे आज कागज पर तय कर लेना चाहिए. NCC में विशेष रूप से 30-35 साल के और पिछले कुछ वर्षों में कार्यरत कार्यकर्ताओं से एक अच्छी टीम बन सकती है. विशेष रूप से सीनियर सिटीजन, दिव्यांगजनों की सहायता में इनका महत्वपूर्ण योगदान होगा.

- हाल ही में आयुष मंत्रालय ने इम्युनिटी बढ़ाने के संबंध में विशेष गाइडलाइन्स जारी की है, जो कि आयुष मंत्रालय की वेबसाइट पर उपलब्ध है. आप अपने राज्य के हर परिवार को इसका उपयोग करने का आग्रह कीजिए. एक मित्र के नाते मेरा आपसे आग्रह है कि आप भी आयुष मंत्रालय की इस गाइडलाइन का उपयोग करिए. इन गाइडलाइन्स को स्थानीय भाषा में प्रचारित किया जाए और लोगों से आग्रह करें कि उन्हें नियमित रूप से इनको अमल में लाना है. ये इम्युनिटी में बहुत कारगर साबित होगा.

- जिला स्तर पर क्राइसिस मैनेजमेंट ग्रुप के गठन के बारे में भी विचार किया जाना चाहिए. आज जिलों में कई NGO सेवा के कार्य कर रहे हैं, इन सभी में समन्वय स्थापित करने के लिए अधिकारों के माध्यम से कार्य किया जा सकता है. ताकि कोई जरूरतमंद छुट न जाए, समाज की भागीदारी के बिना हम यह कार्य नहीं कर सकते हैं. जितने ज्यादा NGOs को इस कार्य में लाया जाएगा, उतना बेहतर होगा. उनके लिए हर परिवार तय करवाने चाहिए कि इतने परिवारों का जिम्मा आपको उठाना है. कोरोना से निपटने के लिए तमाम हितधारक इसमें हों. ताकि बिना किसी समस्या के हम यह कारगर रूप में कार्य कर सकें.

- राज्यों को इंटीग्रेटेड डिजीज सर्विलांस प्रोग्राम ऑफिसर और डिस्ट्रिक्ट सर्विलांस ऑफिसर्स के पदों पर तुरंत तैनाती की जानी चाहिए. आवश्यक ये भी है कि कोरोना testing के लिए जो लैब्स अधिकृत की गई हैं, जिले एवं राज्य स्तर पर उनसे भी अधिकृत जानकारी एकत्रित की जाए. इससे जिला, राज्य एवं केंद्र के आंकड़ों में एक समानता बनी रहेगी.

- पीएम गरीब कल्याण पैकेज के तहत जो राशि गरीबों के खाते में ट्रान्सफर की जाएगी, उसे निकालने के लिए सारी जनता एक साथ न पहुंचे. स्थानीय प्रशासन को ये सुनिश्चित करना होगा कि उसको व्यवस्थित करें.

- ये समय फसलों की कटाई का है, कुछ जगहों पर यह शुरू हो गई है और कुछ पर यह शुरू होने वाली है. इससे देखते हुए सरकार ने किसानों को लॉकडाउन के नियमों में कुछ छूट दी है. लेकिन ये भी सुनिश्चित किया जाए कि फसलों की कटाई करते समय एक जगह पर एकत्रित न हों. इस बारे में जिला स्तर पर व्यवस्था कराई जाए.

- राज्यों को यह सोचना होगा कि के अलावा अनाज खरीदने के लिए अन्य उपाय क्या किए जा सकते हैं जिससे भीड़ न एकत्रित हो. किसानों को उबर जैसे प्लेटफार्म का भी उपयोग करने का भी प्रयास होना चाहिए. जैसे, शहरों में कार पुलिंग होती है वैसे ही किसानों को फसल बेचने के लिए ट्रक, चाहिए, टेम्पो चाहिए इस कार्य के लिए हम इस ऑनलाइन सेवा का उपयोग कर सकते हैं. इससे किसानों का खर्च भी कम होगा और जो ट्रांसपोर्टर हैं, उनको भी जरूरी मात्रा में माल मिल जाएगा.

- इसके अलावा मैं आपको एक जानकारी देना चाहता हूँ कि केंद्र सरकार 11 हजार करोड़ रूपए की पहली किश्त को एडवांस में इसी महीने राज्यों को देने जा रही है. जिससे Covid-19 का मुकाबला करने में आपके प्रयासों को सहायता मिलेगी. साथियों वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से सभी राज्यों को एक साथ सुनने में कठिनाई होती है, बारी-बारी मैं अलग-अलग राज्यों से बात करता हूँ. इसके बावजूद अगर कोई महत्वपूर्ण बात रह जाती है तो आप पत्र के माध्यम से भी अपनी बात साझा कर सकते हैं. आज केरल और महाराष्ट्र इन दोनों राज्यों को फिर से हमने शामिल किया है, ये पिछली बार भी शामिल रहे थे. क्योंकि यहाँ संख्या बढ़ रही है. मैं जो भी

राज्य आज रह गए हैं, उनसे कहना चाहता हूँ कि मैं टेलीफोन के माध्यम से सदैव उपलब्ध हूँ, आप इसके माध्यम से भी मुझे संपर्क कर सकते हैं.

COVID19 Homecare for people with suspected or confirmed coronavirus

Stay in separate room from others, but if not possible wear a medical mask Face with medical mask & keep a distance of min. 1 meter (3 feet) from other people. Keep the room well-ventilated & if possible use a dedicated bathroom.

Stay healthy when you self-quarantine. Here are several ways to keep yourself physically active Flexed biceps and calm Person getting face massage.





India Fights Corona (Updates)

- Health Minister Dr. Harsh Vardhan visits Ram Manohar Lohiya Hospital, Delhi to check the preparations made to deal with the COVID2019 in Delhi.

- World Bank approves Heavy dollar sign1 billion to help India prevent, detect, and respond to the COVID-19. Rightwards arrow Largest ever health sector support from the bank to India. Rightwards arrow Covers all states and Union Territories of India.

- Direct cash transfer to women PMJDY account holders under PM Garib Kalyan Package for the month of April 2020 in the light of COVID19 Pandemic.

- 21 new COVID19 positive cases confirmed in Kerala.

- Vice President Shree Venkaiah Naidu strongly condemns the recent attacks on medical professionals. Vice President says, it is the duty of every citizen to protect medical professionals who have been risking their lives to treat the infected.

- In Madhya Pradesh, 14 new coronavirus positive cases were reported in Indore, while five were reported in Bhopal. With this, the total number of COVID-19 cases in the state has crossed the 100 mark.

- Under Mission Mangalam project, around 30 women from various Self Help Groups in Amreli district prepared over 21,000 masks in the wake of COVID19.

- 7 news cases of COVID19 were reported today in Gujarat taking the total cases up to 95.

- 1 Positive Corona Virus case reported from Bagh e Bahu, Jammu. Toll of Positive COVID-19 Cases in J&K Climbs to 71 (18 from Jammu and 53 from Kashmir).

Figures in India as on 3 April

Confirmed cases: 2301

Cured/Discharged: 157

Deaths: 56

- अभी दिल्ली में कोरोना के कुल 293 मामले हैं। कल मामलों में 141 की बढ़त हुई है इसमें 12 मामले दिल्ली के थे और 129 मामले मरकज़ के थे। इन 293 मामलों में से 182 मामले मरकज़ के हैं। अभी तक देश और दिल्ली स्टेज 2 में है: सत्येंद्र जैन (स्वास्थ्य मंत्री, दिल्ली)

- हरियाणा में 8 और लोग COVID19 से संक्रमित पाए गए। 13 डिस्चार्ज सहित कोविड के कुल मामलों की संख्या 43 हो गई है। 8 नए मामलों में 5 गुरुग्राम से और 3 नूंह से हैं: राज्य स्वास्थ्य विभाग

- पिछले 24 घंटों में गौतम बुद्ध नगर में कोई भी COVID19 मामले दर्ज़ नहीं हुए। अब तक गौतम बुद्ध नगर में कोविड के कुल मामलों की संख्या 48 है, जिनमें से 6 ठीक हो गए और उन्हें डिस्चार्ज कर दिया गया है: सुहास एल.वाई, जिला मजिस्ट्रेट, गौतम बुद्ध नगर

- पिछले 24 घंटों में 34 नए COVID19 पॉजिटिव केस सामने आए हैं: डॉ. सुधीर सिंह, आइसोलेशन वार्ड इंचार्ज, किंग जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी (KGMU), उत्तर प्रदेश.

- UP सरकार ने निर्देश दिया है कि क्वारंटाइन में रखे गए तबलीगी ज़मात कार्यक्रम में शामिल लोगों के इलाज और सुरक्षा में महिला स्वास्थ्य कर्मी और महिला पुलिसकर्मियों को तैनात नहीं किया जाएगा, MMGअस्पताल स्टाफ ने कार्यक्रम में शामिल लोगों के नर्सों के साथ दुर्व्यवहार करने की शिकायत की थी.

- नर्सों के साथ दुर्व्यवहार पर यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने नाराजगी जताते हुए कहा कि ये ना कानून को मानेंगे, ना व्यवस्था को मानेंगे, ये मानवता के दुश्मन हैं। जो इन्होंने महिला स्वास्थ्यकर्मियों के साथ किया है वो जघन्य अपराध है। इन पर राष्ट्रीय सुरक्षा कानून(NSA) लगाया जा रहा है, हम इन्हें छोड़ेंगे नहीं.

- तबलीकी जमात से संबंधित मामलों में पिछले 2 दिनों में 647 के आसपास लोग 14 राज्यों- असम, दिल्ली, हिमाचल, हरियाणा, जम्मू-कश्मीर, झारखंड, कर्नाटक, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, तेलंगाना, उत्तराखंड, यूपी और अंडमान और निकोबार में मिले हैं: लव अग्रवाल, संयुक्त सचिव, स्वास्थ्य मंत्रालय

- उत्तर प्रदेश: कोरोना वायरस संक्रमण के कारण पूर्ण लॉकडाउन की स्थिति में राज्य सरकार द्वारा DBT के माध्यम से किसानों और गरीबों को धनराशि स्थानान्तरित करने के लिए समस्त बैंकों के लिए 6 अप्रैल और 10 अप्रैल को घोषित अवकाश निरस्त किये गए.

- पंजाब: अमृतसर में पुलिस ने सफाई कर्मचारियों को मास्क,गलब्स और पर्सनल प्रोटेक्शन इक्विपमेंट(PPE) किट बांटी। DCP जगमोहन ने बताया सफाई कर्मचारी हाई-रिस्क पर काम करते हैं,लोगों को संदेश जाना चाहिए कि ये कर्मचारी दिन-रात अपने परिवार को छोड़कर अपने समाज, देश के लिए अच्छा काम कर रहे हैं।

- आंध्र प्रदेश में 12 और लोग COVID19 से संक्रमित पाए गए। अब राज्य में पॉजिटिव मामलों की कुल संख्या बढ़कर 161 हो गई: अरजा श्रीकांत, राज्य नोडल अधिकारी

- आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री कार्यालय के अनुसार अब तक 161 लोग CoronaVirus से संक्रमित पाए गए। इनमें से 140 लोग दिल्ली के तबलीगी जमात कार्यक्रम में शामिल हुए और उनके संपर्क में आए.

- दिल्ली: रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह के आवास पर आज सुबह 11 बजे COVID19 पर मंत्रियों के समूह (GoM) की बैठक होगी। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अन्य मंत्री भी मौजूद रहेंगे।

- राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद ने उपराष्ट्रपति एम.वेंकैया नायडू के साथ कोरोना वायरस से निपटने के उपायों पर वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के जरिए सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के राज्यपाल, उपराज्यपाल और प्रशासकों के साथ बातचीत की।

- राजस्थान: कोरोना वायरस से निपटने के लिए जोधपुर रेलवे डिवीजन ट्रेन कोच को आइसोलेशन वार्ड में बदल रहा है। जोधपुर वर्कशॉप के डिप्टी चीफ मैकेनिकल इंजीनियर ललित शर्मा ने बताया कि रेलवे बोर्ड ने पूरे भारत में

5000 कोच बनाने का फैसला किया है। जोधपुर में 150 कोच बनाने का निर्देश है।

- Coronavirus Pandemic से लड़ने के लिए सुप्रीम कोर्ट के अधिकारियों ने PM Cares Fund में 1,00,61,989 रुपए से अधिक का योगदान दिया।

- गृह मंत्रालय द्वारा पर्यटक वीजा पर तब्लीगी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने के कारण 960 विदेशियों को ब्लैक लिस्ट किया गया है और साथ ही उनका भारतीय वीजा भी रद्द कर दिया गया है।

- गृह मंत्रालय द्वारा तब्लीगी जमात, निजामुद्दीन के मामले में दिल्ली पुलिस और अन्य सम्बंधित राज्यों के पुलिस महानिदेशकों को विदेशी अधिनियम,1946 एवं आपदा प्रबंधन अधिनियम,2005 के प्रावधानों का उल्लंघन करने के लिए 960 विदेशियों के विरुद्ध आवश्यक कानूनी कार्यवाई करने के निर्देश दिए हैं।

COVID 19 Updates (Worldwide)

- A new coalition of experts from 70 institutions in 30 countries plans to accelerate COVID-19 research in low- and middle-income countries. Of an estimated 536 planned and current trials into COVID-19, only a small percentage are based in Africa, South and Southeast Asia, or Central and South America.

- As of April 2, the number of COVID-19 cases surpassed 1 million. This includes more than 53,000 deaths and 211,000 recoveries. The countries that have registered the most cases are the United States (over 245,000), Italy (over 115,000), Spain (over 112,000), Germany (over 84,000), and China (over 82,000).

- To date, Italy has reported the most deaths (nearly 14,000), followed by Spain (over 10,000), and France (more than 5,300).

- Spain has the world's second-highest death toll after Italy with the virus so far claiming 10,935 lives -- 932 in the past day -- from 117,710 confirmed cases.

- Camps housing thousands of people displaced by Boko Haram's brutal jihad in northeast Nigeria have negligible defences against the coronavirus. Audu Abba Kurama and Aminu Abubakar report from Kano.

- Asia is facing a second wave of COVID-19 infections and women are having to give birth in unprecedented circumstances.

- Global coronavirus cases surpassed 1 million with more than 52,000 deaths on Thursday, as the pandemic further exploded in the United States and the death toll climbed in Spain and Italy.

- British Health Minister Matt Hancock said that Premier League soccer players should take a pay cut and ‘play their part’ as Britain battles the coronavirus pandemic.

- 47 new cases in Belarus, 6 new cases in Malta, 6 new cases in Nigeria, 12 new cases in Senegal, 173 new cases and 1 new death in Israel.

- 108 new cases and 4 new deaths in Norway, 269 new cases and 4 new deaths in Germany. 445 new cases and 1 new death in Romania: a 70-year-old man with chronic cardiovascular disease. 122 new cases and 10 new deaths in Austria.

कोरोना वायरस पर केन्द्रित आलेख के प्रमुख बिंदु

कोरोना से डरें नहीं, मुकाबला करें, इस संकट से निपटने के लिए भारत को कमर कसने की जरूरत

कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए देश 14 अप्रैल तक घरों में कैद है। हालांकि कुछ लोग अभी भी मामले की गंभीरता को नहीं समझ रहे हैं और लॉकडाउन को तोड़ने का अपराध कर रहे हैं। यदि सभी लोगों ने सरकार के निर्देशों का पालन नहीं किया तो लॉकडाउन का उद्देश्य पूरा नहीं हो पाएगा। इससे देश को भीषण संकट का सामना करना पड़ सकता है। कई स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने आने वाले हफ्तों में संक्रमण में तेज वृद्धि की आशंका जताई है।

उन्होंने यह भी आशंका जताई है कि भारत में घनी आबादी को देखते हुए यहां कोरोना वायरस का प्रकोप बदतर हो सकता है। विश्व बैंक के अनुसार भारत में 455 लोग प्रति वर्ग किमी में रहते हैं, जबकि इसकी तुलना में चीन में 148 लोग, इटली में 205 और ईरान में 50 लोग इतने क्षेत्र में निवास करते हैं। इसके अलावा केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय द्वारा एक ताजा आंकड़ा जारी किया गया है जो बताता है कि प्रति 84,000 भारतीयों पर एक आइसोलेशन बेड है। एक दूसरी रिपोर्ट कहती है कि भारत में सिर्फ 40,000 वेंटिलेटर हैं। कोविड-19 की भयावहता के बीच इस तरह की यही दर्शाती है कि यदि यह बीमारी भारत में व्यापक पैमाने पर कम्युनिटी में फैल गई तो हम इसका सामना करने के लिए तैयार नहीं हैं।

Source:https://www.jagran.com/editorial/apnibaat-do-not-be-afraid-of-corona-india-needs-to-gear-up-to-deal-with-corona-virus-crisis-20162064.html

PM Modi का वीडियो मैसेज लॉकडाउन का बूस्टर डोज है - जैसे जनता कर्फ्यू ट्रायल था

प्रधानमंत्री का हर संबोधन राष्ट्र के नाम संदेश ही होता है. ये मान कर चलना चाहिये. चाहे वो एक ट्वीट ही क्यों न हो - या फिर एक वीडियो मैसेज (Narendra Modi Video Message). हां, चुनावी भाषण इस कैटेगरी में नहीं आते. कोरोना जैसी महामारी (Coronavirus outbreak in India) से जूझ रहे देश से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी बार बार ऐसे संदेश देकर लगातार संवाद बनाये रखने की कोशिश कर रहे हैं. ताकि जोश भी बरकरार रहे और मकसद भी न भूल पाये.

अपने नये वीडियो मैसेज में प्रधानमंत्री मोदी ने 5 अप्रैल को वैसे ही लाइट जलाने (Light up on April 5) की अपील की है जैसे जनता कर्फ्यू के दौरान ताली और थाली बजाने की हुई थी. साथ ही, लॉकडाउन पर फोकस रहते हुए रिहर्सल का नया नुस्खा भी दे दिया है - जो लॉकडाउन के दौरान सोशल डिस्टैंसिंग (Lockdown and Social Distancing) बनाये रखने के लिए बूस्टर डोज ही लगता है.

Source: https://www.ichowk.in/politics/pm-modi-video-message-for-diya-lighting-against-coronavirus-darkness-is-booster-dose-after-janta-curfew-trial/story/1/17265.html

CORONA WARRIOR

Doctors at Hindu Rao Hospital on the job, in PPE kits. True heroes, our healthcare frontline warriors.

CORONA WARRIOR

नवभारत

कोरोना से निपटने मनपा में 'वार-रूम'

हर दिन तैयार हो रही रणनीति

नगर संवाददाता

नागपुर. शहर में कोरोना के बढ़ते प्रभाव को देखते हुए इससे निपटने के लिए प्रशासन द्वारा किए जा रहे उपाय, उसके अमल तथा स्थिति पर नियंत्रण रखने के उद्देश्य से मनपा आयुक्त तुकाराम मुंढे के निर्देशों पर मुख्यालय में वार रूम तैयार किया गया. जहां हर दूसरे दिन उपायों को लेकर रणनीति तैयार की जा रही है. मनपा के पास वर्तमान में कोरोना कंट्रोल रूम, कोविड-19 मोबाइल एप, कंटेनमेंट सर्वेक्षण, हाई रिस्क नागरिकों का सर्वेक्षण, 48 रैपिड रिस्पांस टीम, राज्य सरकार और केंद्र सरकार से मिलनेवाले दिशानिर्देश प्राप्त किए जाते हैं. यहां मिलनेवाली जानकारी के आधार पर होनेवाली कार्यवाही को लेकर हर दिन रात 9.30 बजे चर्चा की जाती है. डाक्टरों की टीम के साथ चर्चा कर वार रूम में रणनीति तैयार की जाती है.

निरंतर चल रहा कार्य

इस संदर्भ में मुंढे ने कहा कि कोरोना से निपटने के लिए मनपा की ओर से युद्ध स्तर पर कार्य किया जा रहा है. प्रसार को रोकने तथा स्थिति को नियंत्रण में रखने के उद्देश्य से वार रूम की भूमिका महत्वपूर्ण होगी. वार रूम केवल कोरोना तक ही सीमित नहीं है, बल्कि कोरोना से निपटने के बाद भविष्य में मनपा की स्वास्थ्य सेवाओं को अधिक सक्षम करने में भी इसकी अहम भूमिका रहेगी.

वार रूम भविष्य में भी कार्यरत रहने की जानकारी मंढे ने दी.

Navabharat Nagpur Edition
3 Apr, 2020 Page No. 1

Nagpur Administration under Sh Tukaram Mundhe, IAS is working on warfooting to tackle situation arising out of Coronavirus Pandemic

कन्याभोज के बजाय कर्मचारियों को दिया राशन

रौनक टंडन।

कानपुर। कोरोना संकट के दौर में शहर के कारोबारी रौनक टंडन ने नवरात्र पर कन्या भोज के बजाय अपने कर्मचारियों को एक महीने का राशन उपलब्ध कराया। उन्होंने कहाकि जब तक लॉकडाउन चलेगा वे अपने कर्मचारियों को महीने में 3000 रुपये तक का राशन उपलब्ध कराएंगे। कहा कि कारोबारी और लोगों की सेवा हासिल करने वाले लोग सिर्फ अपने कर्मचारी के लिए एक महीने के राशन का इंतजाम कर दें तो सड़कों पर राशन खरीदने के लिए न तो लाइन लगेगी और न ही इसकी कालाबाजारी होगी। मसलन किसी फैक्ट्री में सौ कर्मचारी हैं और कारोबारी ने उन्हें तीन हजार रुपये की दर से राशन उपलब्ध कराया तो सरकार को तीन लाख रुपये के इस खर्च पर टैक्स में छूट देनी चाहिए ताकि हर किसी को यह प्रोत्साहन मिल सके।

RSS Swayamsevaks distributing essentials to the needy people during 'Lockdown'

कोरोना के योद्धा

10 लाख जरूरतमंदों की मदद के लिए आगे आए संघ के एक लाख स्वयंसेवक

मदद में उठे हाथ ▸ देश के दस हजार से अधिक स्थानों पर स्वयंसेवकों ने संभाली कमान

कहीं राशन तो कहीं भोजन सामग्री दे रहे, कहीं मास्क बांट रहे, समाज से मिल रही है मदद

संजय कुमार, रांची

विश्व के सबसे बड़े स्वयंसेवी संगठन राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) के स्वयंसेवकों ने देश में कोरोना वायरस जैसी महामारी में लोगों की मदद को लेकर कमर कस ली है। अभी तक देश में 10 हजार स्थानों पर एक लाख से अधिक स्वयंसेवक सेवा कार्य में लग चुके हैं। कहीं कच्चा राशन दे रहे हैं तो कई जरूरतमंदों को भोजन खिला रहे हैं। कहीं गांवों को सैनिटाइज कर रहे हैं तो कहीं मास्क बांट रहे हैं। अब तक 10 लाख जरूरतमंदों तक सहायता पहुंचा चुके हैं।

समाज का भी सहयोग लें : आरएसएस के सरकार्यवाह भय्याजी जोशी ने गुरुवार को रामनवमी के अवसर पर संदेश जारी करते हुए स्वयंसेवकों से कहा कि जहां जरूरत पड़े समाज के लोगों का भी सहयोग लें, लोग संघ के साथ मिलकर काम करने को तैयार बैठे हैं। स्वयंसेवक भोजन सामग्री पहुंचाने, सेनेटाइजर जैसी उपयुक्त वस्तुओं को लोगों तक पहुंचाने, चिकित्सालयों में जाकर सेवा देने व रक्तदान करने जैसे कामों में लगे हैं। लोगों की हर सेवा के लिए तैयार रहें।

मजदूरों के साथ पूरी तरह खड़ा है संघ : भय्याजी जोशी ने कहा कि देश के लगभग सभी राज्यों में दूसरे राज्य के लोग अस्थायी रूप से मजदूरी का काम करने के लिए जाते हैं। उनकी स्थिति काफी चिंताजनक है। अविश्वास और असुरक्षा के माहौल में कई स्थानों पर अपने घरों की ओर जाने लगे हैं। वर्तमान समय में एक जगह से दूसरी जगह जाना और अधिक घातक है। ऐसे लोगों को विश्वास दिलाना चाहता हूं कि वे संकट की इस घड़ी में निश्चित होकर रहें। राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ उनके साथ है।

झारखंड के बोकारो में कोरोना की मार झेल रहे लोगों के लिए राहत सामग्री बांटने को ले जाते स्वयंसेवक। स्रोत : आरएसएस प्रचार विभाग।

कोरोना से लड़ रहे लोगों की भी कर रहे मदद

सरकार्यवाह ने कहा कि जगह-जगह पुलिस, स्वास्थ्य सेवा में लगे चिकित्सक, परिचारिकाएं, अन्य कर्मचारी रात-दिन मेहनत करते हुए अपने समाज को नियमों का पालन कराने और उनको सुविधाएं उपलब्ध कराने में लगे हैं। ऐसे लोगों के लिए जहां-जहां आवश्यकता हो रही है, भोजन, अल्पाहार इत्यादि की व्यवस्था स्वयंसेवकों की ओर से की जा रही है।

देश में आए इस संकट की घड़ी में संघ के स्वयंसेवक मदद को घरों से निकल चुके हैं, जरूरत पड़ने पर और लोग रहें तैयार। इस महामारी को परास्त कर विश्व के सामने एक आदर्श प्रस्तुत करना है।
-रामनवमी पर सरकार्यवाह भय्याजी जोशी का संदेश।

Myth Busters

स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय
भारत सरकार

नोवल कोरोनावायरस रोग (COVID-19)

Help us to help you

लॉकडाउन का उद्देश्य क्या है?

COVID-19 के संक्रमणों की श्रृंखला को तोड़ने के लिए राष्ट्रव्यापी लॉकडाउन आवश्यक है।

घर पर रहें, सुरक्षित रहें

हमें साथ मिलकर COVID-19 से लड़ना है

COVID-19 संबंधित जानकारी के लिए
राज्य हेल्पलाइन नंबरों या स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय, भारत सरकार के 24X7 हेल्पलाइन नंबरों पर कॉल करें
1075 (टोल फ्री) या 011-23978046, ई-मेल करें: ncov2019@gov.in, ncov2019@gmail.com

कोरोना

पर विशेषज्ञ

ALL INDIA RADIO NEWS

डॉ. नरेश गुप्ता
मौलाना आज़ाद मेडिकल कॉलेज, नई दिल्ली

प्रश्न:

क्या घर में हैं तो भी कोरोना से बचाव के लिए सावधानी बरतनी है?

उत्तर:

जी हां, अगर आप बाहर नहीं जाते तो भी आपको सफाई और सावधानी बरतनी है। क्योंकि आप सामान बाहर लेने जा रहे हैं। जो सामान आप लाये हैं, वो सामान कहां से आया, किस-किस के हाथ लगे, आप नहीं जानते। इसलिए कहीं से भी आयें, हाथ जरूर धोएं। अगर आप बाहर नहीं जाते और सामान घर पर ही मंगाते हैं तो भी डिलीवरी **(delivery)** वाला कहां से आया, वो संक्रमित है या नहीं, आप नहीं जानते। उसने डोर बेल **(door bell)** बजाई, या दरवाजे की कुंडी को टच **(touch)** किया। यानी आपको सब की सफाई का ध्यान रखना है। इसलिए सैनिटाइजर **(sanitizer)** और साबुन पानी से हाथ धोना न भूलें।

This Report is prepared by-

Adarsh Tiwari

Abhay Singh

Manujam Pandey